Title: Need to take suitable steps to solve acute drinking water problem in Satna district, Madhya Pradesh-Laid.

12.13 ½ hrs.

MR. SPEAKER: Hon. Member, Matters under Rule 377 listed for the day are to be treated as laid on the Table of the House.

श्री रामानन्द सिंह (सतना) : मध्य प्रदेश में विगत मानसून में बहुत कम वार्ा होने से अनेक जिलों में पेयजल का अभूतपूर्व संकट उत्पन्न हो गया है। विशेाकर विन्ध्य सम्भाग के सतना जिला एवं सतना शहर में पीने के पानी के लिए लोग मीलों भटक रहे हैं। जिले की सभी नदियां, जलाशय एवं कुंए सूख गये हैं तथा हैण्ड पम्प में भी पानी बहुत नीचे चला गया है। लोग सुबह से शाम तक साइकिलों एवं बैलगाड़ियों तथा ट्रैक्टरों से पानी ढोने में ही दिन बिता रहे हैं।

सतना नगर की जल प्रदाय योजना टमस नदी में पानी समाप्त हो जाने से ठप्प हो चुकी है। पूरे शहर में नगर निगम केवल टैंकरों के सहारे पेयजल की आंशिक व्य वस्था कर रहा है। दलित, आदिवासी एवं पिछड़ी बस्तियों में पेयजल की समस्या और भी भयावह है।

अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि सतना नगर एवं सम्पूर्ण जिले की पेयजल व्यवस्था हेतु नगर निगम सतना एवं जिले की ग्राम पंचायतों को मदद करे तथा लोगों को प्यास से मरने से बचायें।

* Treated as Laid on the Table of the House.